C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:19 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 18 अंक 127 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025

दांत किटकिटाती सोनाक्षी को देख...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सट्टेबाज, मोबाइल और 3500 नकद बरामद

**हल्द्वानी।** पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में सट्टेबाजी के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान एक युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन और 3500 नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 13(जी) जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीपी नगर चौकी पुलिस क्षेत्र में श्त पर थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ट्रांसपोर्ट नगर वर्कशॉप लाइन स्थित संजीव ऑटोमोबाइल के पास एक चाय की दुकान पर पहुँची, जहाँ एक व्यक्ति मोबाइल पर सट्टा खेलते हुए पाया गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अरुण सागर निवासी वार्ड नं. कृ गांधी नगर, थाना बनभूलपुरा, नैनीताल बताया। पूछताछ में आरोपी अरुण सागर ने स्वीकार किया कि वह पिछले कई वर्षों से हल्द्वानी क्षेत्र में सट्टा लगवाने और खिलाने का काम कर रहा है।

### काठगोदाम में दिनदहाड़े घर से दो गैस सिलेंडर चोरी

**हल्द्वानी।** थाना काठगोदाम क्षेत्र में एक महिला के घर से दो एलपीजी सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। वादिनी रूबी देवी पत्नी राकेश, निवासी निर्मला गेट के सामने, शीशमहल, काठगोदाम, ने थाना अध्यक्ष काठगोदाम को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 4 नवंबर को वह सुबह लगभग 7 बजे अपने घर में ताला लगाकर ड्यूटी पर गई थीं। जब वह सुबह 11 बजे ड्यूटी से वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि रसोईघर (किचन) से भारत गैस कम्पनी के लाल रंग के दो सिलेंडर चोरी हो चुके थे। रूबी देवी ने बताया कि यह चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। उन्होंने दो दिन बाद यानि 6 नवंबर को थाना काठगोदाम पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## हल्द्वानी में गूंजा राष्ट्रगीत,एम.बी. इंटर कॉलेज में हुआ भव्य आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारत के गौरवशाली राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हल्द्वानी में उल्लास और देशभक्ति के वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम हल्द्वानी स्थित एम.बी. इंटर कॉलेज मैदान में भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुमाऊँ रेजीमेंट रानीखेत से आए सेना के बैंड दल तथा खटीमा से आए प्रसिद्ध गायक शेरी सिंगर द्वारा



वंदे मातरम और अन्य देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम स्थल को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के सम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का शाश्वत मंत्र है। इस गीत ने आज़ादी के आंदोलन के दौरान करोड़ों भारतीयों के भीतर अदम्य साहस और एकता की भावना का संचार किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होना मातृभूमि के प्रति समर्पण, कर्तव्य और जिम्मेदारी को पुन: स्मरण करने का अवसर है।

उल्लेखनीय है कि वंदे मातरम की रचना वर्ष 1875 में महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा की गई थी। यह गीत उनकी प्रसिद्ध कृति 'आनंदमठ' का हिस्सा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत क्रांतिकारियों और जनता के लिए प्रेरणा-स्रोत बना। वर्ष 1937 में कांग्रेस कार्यसमिति ने इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया और 1950 में भारतीय संविधान सभा ने इसे आधिकारिक राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल,विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्कूलों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्मृति डाक टिकट और सिक्का भी किया जारी

## वंदे मातरम के 150 वर्ष: पीएम मोदी ने स्मरणोत्सव को लेकर किया शुभारंभ

नई दिल्ली

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है। इस कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया है। यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चलने वाले एक साल के राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ है। इस राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा



देने वाले गीत वंदे मातरम के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।

यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से लेकर 7 नवंबर 2026 तक चलेगा। पूरे देश में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनसहभागिता वाले आयोजन होंगे। मुख्य समारोह के दौरान देशभर के लोग सुबह करीब 9ः50 बजे वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह भारत माता की आत्मा की अभिव्यक्ति है।

वर्ष 2025 में वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के दिन लिखा था। बाद में यह उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' के एक अंश के रूप में साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ।

## दिल्ली हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल में तकनीकी समस्या, 100 से अधिक उड़ानों में हुई देरी

नई दिल्ली

एजेंसी

आईजीआई एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में तकनीकी खराबी आने की वजह से उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। आईजीआई एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में तकनीकी खराबी आई है। इस कारण 100 से ज्यादा उड़ानों में देरी हो गई।

अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी टीम समस्या को ठीक करने में जुटी है। बता दें कि देश के सबसे व्यस्त हवाईअड्डों में शुमार दिल्ली एयरपोर्ट से रोजाना करीब 1,500 उड़ानें संचालित होती हैंस्पाइसजेट समेत कई एयरलाइनों की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक, ऑटोमेटिक मैसेज स्विच करने वाले सिस्टम (AMSS) में गड़बड़ हो गई। यह ऑटो ट्रैक सिस्टम के लिए जानकारी देता है, जो फ्लाइट्स की प्लानिंग शेयर करता है।

इस सिस्टम में गड़बड़ी आने के कारण एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को अब उड़ानों के प्लान मैनुअली तैयार करने



पड़ रहे हैं, जिससे प्रक्रिया में अधिक समय लग रहा है, इसलिए कई उड़ानें देर से उड़ान भर रही हैं। है। इससे एयरपोर्ट पर ट्रैफिक बढ़ गया और यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने एक्स पर पोस्ट में कहा, एयर ट्रैफिक कंट्रोल डेटा को सपोर्ट करने वाली ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में तकनीकी समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन में देरी हो रही है। फिलहाल कंट्रोलर उड़ान योजनाओं को मैन्युअल रूप से प्रोसेस कर रहे हैं, जिससे कुछ देरी हो रही है। तकनीकी टीमें सिस्टम को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए काम कर रही हैं।

## उत्तराखंड स्थापना रजत जयंती उत्सव पुलिस लाइन में रैतिक परेड का आयोजन

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर आज देहरादून पुलिस लाइन में रैतिक परेड का आयोजन किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, आस्था सेवा और उत्तरदायित्व का प्रतीक बने। हम संकल्प लें कि आने वाले वर्षों में अपने राज्य को आदर्श के शिखर पर पहुंचाएंगे। डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, आस्था सेवा और उत्तरदायित्व का प्रतीक बने। हम संकल्प लें कि आने वाले वर्षों में अपने राज्य को आदर्श के शिखर पर पहुंचाएंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी राज्य आंदोलनकारियों को याद किया। ने कहा कि हमारे प्रदेश के उन सभी जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस के जवानों कर्मचारी शिक्षकों और नागरिकों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने पिछले 25 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में अपने-अपने स्तर पर राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैं आज के इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले पुलिस वालों, एनसीसी कैडेट्स होमगार्ड स्काउट गाइड और सभी सांस्कृतिक दलों को भी साधुवाद देता हूं जिन्होंने परेड के माध्यम से अपनी शानदार प्रस्तुति और अनुशासन का परिचय दिया है। राज्य निर्माण के इन 25 वर्षों की यात्रा में हमारे राज्य ने अनेक चुनौतियों का और समस्याओं का सामना करते हुए आज देश के सशक्त राज्य के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

## हॉकी का पुराना गौरव लौटाने का संकल्प लें खिलाड़ी:रेखा आर्या

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी स्थित मानसखंड खेल परिसर में हॉकी खिलाड़ियों के साथ खेल में हाथ आजमाएं। इस मौके पर यहां एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन भी किया गया।

खेल मंत्री रेखा आर्या शुक्रवार को बिना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के स्टेडियम पहुंची और वहां हॉकी खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों को बताया कि आज ही के दिन 1925 में भारतीय हॉकी महासंघ की स्थापना की गई थी। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम ने पहली बार 1928 के ओलंपिक में हिस्सा लिया और गोल्ड मेडल जीतकर पूरी दुनिया में भारतीय हॉकी का परचम फहराया। खेल



मंत्री रेखा आर्या ने खिलाड़ियों से कहा कि एक जमाने में दुनिया की कोई भी टीम भारतीय हॉकी टीम के साथ खेलने में डरती थी। उन्होंने कहा कि युवा हॉकी खिलाड़ी भारतीय हॉकी का यह पुराना गौरव वापस लाने का संकल्प लेकर तैयारी करें तो फिर से ऐसी सफलता पाई जा सकती है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हॉकी का कल्चर तेजी से विकसित हो रहा है और आधुनिक दौर में भी प्रदेश ने वंदना कटारिया जैसे खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले ओलंपिक के लिए भारतीय हॉकी टीम में प्रदेश का भी अच्छा प्रतिनिधित्व रहे, यह लक्ष्य लेकर खिलाड़ी तैयारी करें। इस अवसर पर सहायक निदेशक रसिका सिद्दिकी, जिला उप खेल अधिकारी वरुण बेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# कुलपति ने किया छात्रावासों का औचक निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता





कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विवि में अवकाश के बाद भी विवि के डीएसबी परिसर के छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि बिना किसी सुरक्षा या पूर्व सूचना के कुलपति प्रो. रावत ने कुविवि के डीएसबी परिसर के एसआर तथा केपी छात्रावास का एकल निरीक्षण किया ताकि छात्रावासों की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान कुलपति प्रो. रावत ने छात्रावास के जल टैंकों समेत शौचालयों तथा रसोईघर एवं परिसर की स्वच्छता की स्थिति का बारिकी से जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी समस्याएँ जानीं। इस दौरान एक छात्रा ने खेल सामग्री की अनुपलबधता का उल्लेख किया जिस पर कुलपति ने तत्काल खेल प्रभारी को आवश्यक खेल सामग्री विद्यार्थियों को मुहैया कराने के निर्देश दिए।

कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि छात्रावास विद्यार्थियों के लिए दूसरा घर होता है अतः वहाँ स्वच्छता तथा सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाए और परिसर की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

छात्रावास निरीक्षण के उपरांत कुलपति प्रो. रावत ने डीएसबी परिसर एवं अर्गल फ र्ोड स्थित आईटीईपी भवन के निर्माण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि आईटीईपी भवन विश्वविद्यालय की शैक्षिक संरचना को और सुदृढ़ करेगा तथा शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में नये मानक स्थापित करेगा। यह औचक निरीक्षण और निर्माण कार्यों का अवलोकन विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय के बीच सकारात्मक संदेश लेकर आया तथा सभी ने कुलपति के इस संवेदनशील सक्रिय एवं व्यवहारिक नेतृत्व की सराहना की।

## NEWS / फटाफट

### रमा भट्ट व डा.प्रगति जैन जिला स्वास्थ्य सलाहकार समिति का सदस्य नामित





**नैनीताल ।** जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरिश्चंद्र पंत द्वारा जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की स्वीकृति के बाद नैनीताल की रमा भट्ट तथा भवाली की डा. प्रगति जैन को पीसीपीएनडीटी जिला स्वास्थ्य सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है। उनके मनोनयन पर विधायक सरिता आर्या, पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत लेक सिटी वेलफेयर कलब की अध्यक्ष आभा शाह समेत ईशा शाह, अंजू जगाती, मुन्नी तिवारी, आशा शर्मा, बीना भगत तथा वर्षा आर्य तथा मंजू रौतेला आदि ने दोनों नव नियुकत सदस्यों को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### एनसीसी प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल कुणाल सर्वे को कर्नल रैंक प्रदान की



**नैनीताल ।** एनसीसी ग्रुप मुखयालय नैनीताल के प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल कुणाल सर्वे को वीरवार को कर्नल रैंक प्रदान की गई। रैंक प्रदान करने का सममान ग्रुप कमांडर कमोडोर बाल राजेश सिंह ने अपनी पत्नी बाल राजेश सिंह एवं कुणाल सर्वे की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर ग्रुप मुखयालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कर्नल कुणाल सर्वे को उनके पदोन्नयन पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं।

### बिना लाइसेंस शराब परोसने पर दुकान संचालक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** दूध डेयरी लाइन क्षेत्र में पुलिस ने होटल-ढाबों की चेकिंग के दौरान एक दुकान में बिना लाइसेंस शराब परोसने का मामला पकड़ा। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पुलिस टीम दूध डेयरी लाइन क्षेत्र स्थित एक दुकान पर पहुंची, जहां अंदर बैठे व्यक्ति को अंग्रेजी शराब का क्वार्टर खोलकर पैग बनाते और दुकानदार द्वारा पानी की बोतल सर्व करते देखा गया। मौके से एक आधा भरा क्वार्टर मैकडावल्स, एक खाली क्वार्टर रॉयल स्टैग तथा दो डिस्पोजल गिलासों में भरी शराब बरामद हुई। शराब पी रहे व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम आफताब पुत्र शमदाद निवासी लाइन नंबर 8, वनभूलपुरा, नैनीताल बताया। वहीं दुकान संचालक ने अपना नाम कमल श्रीवास्तव पुत्र रमेश चन्द्र निवासी हिमालया फार्म, थाना हल्द्वानी बताया। पुलिस द्वारा कमल श्रीवास्तव से शराब परोसने का लाइसेंस मांगा गया, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर कमल श्रीवास्तव के खिलाफ धारा 60/21 एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं शराब पीकर लोक न्यूसेन्स फैलाने पर आफताब के खिलाफ धारा 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत 250 रूपए का जुर्माना वसूला गया।

### हाईकोर्ट ने जान माल के नुकसान की धमकी देने के आरोपी की गिरफतारी पर लगाई रोक

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जान माल के नुकसान की धमकी देने के आरोपी की गिरफतारी पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर (वीरवार) तय की है । मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई । गंग नहर रडकी हरिद्वार निवासी होशियार सिंह सुहाग के विरुद्ध गंगनहर कोतवाली में धारा 351(3)तथा 352 भारतीय न्याय संहिता के तहत 29 अगस्त 2025 को मुकदमा दर्ज हुआ था । उन्होंने इस मुकदमे को निरस्त करने की मांग की थी साथ ही गिरफतारी पर रोक लगाने का आग्रह किया गया था। न्यायालय ने मामले में विपक्षियों को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई हेतु 18 दिसंबर की तिथि नियत की है। अदालत ने अंतरिम आदेश में कहा कि अगली तिथि तक याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध कोई दमनात्मक कार्रवाई न की जाए बशर्ते वे विवेचना में सहयोग करें। यदि सहयोग नहीं किया गया तो यह अंतरिम सुरक्षा स्वतः समाप्त मानी जाएगी।



# 30 नवंबर तक राशनकार्ड धारक राशन की दुकान में पहुंचकर अनिवार्य रूप से कराएं ई-केवाईसी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत नैनीताल जिले के विकास खण्ड बेतालघाट के मिनी स्टेडियम चापड़ में लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि जनता को बहुउद्देशीय शिविर में शामिल होकर विभागीय योजनाओं का लाभ लेना चाहिए ।

इस मौके पर जनप्रतिनिधियों से अपील की कि अपनी ग्राम सभा में खुली बैठकों का आयोजन कर अपात्र राशन कार्ड के स्थान पर पात्र लाभार्थियों का चयन कर आवश्यक दस्तावेज विभाग में संस्तुति सहित मुहैया करवाए ताकि पात्र लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करवाया जा सके । सभी राशनकार्ड धारकों को 300 नवंबर तक राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक लाभार्थी को अपनी राशन की दुकान में पहुँच कर अनिवार्य रूप से ई- केवाईसी करवानी है । इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बेतालघाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे । खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ और पारदर्शी बनाए जाने के उद्देश्य से जनपद में राशन कार्ड धारकों को विभिन्न उचित दर विक्रेताओं की दुकान से ई पोस मशीन से राशन वितरण करवाया जा रहा है । कहा कि यह मशीन एंड्रॉयड सिस्टम पर कार्य करती है ।

# हाईकोर्ट से उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन को नहीं मिली कोई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन में गड़बड़ियों को लेकर दायर विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले में फि लहाल कोर्ट ने उन्हें कोई राहत न देते हुए अगली सुनवाई हेतु दो सप्ताह बाद कि तिथि नियत की है।

बता दें कि पूर्व में एकलपीठ ने याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि ये याचिकाएं पोषणीय नही हैं, साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को सिविल कोर्ट में सिविल वाद दायर करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश को वीरवार को फिर धीरज भंडारी ने खण्डपीठ में विशेष अपील दायर कर चुनौती दी गयी । पूर्व में गड़बडियों के इस मामले को डा0. बुद्धि चन्द रमोला तथा धीरज भंडारी व संजय गुसाईं की ओर से एकलपीठ में चुनौती दी गयी थी। याचिकाओं में एसोसिएशन में वित्तीय गड़बड़ी तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी धन में अनियमितता के साथ ही एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष धीरज भंडारी को लोकपाल के द्वारा हटाये जाने के आदेश को चुनौती दी गई।

पूर्व में वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई थी जिसमें एसोसिएशन और बीसीसीआई की ओर से कहा गया था कि याचिकाएं मेंटेनेबल नहीं हैं इसलिए उन्हें खारिज की जाय। याचिकाकाओं में लगाये गये आरोप निराधार हैं। यह भी कहा गया कि लोकपाल के आदेश पर उपाध्यक्ष को हटाया गया है। वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि स्वतंत्र आडिट में वित्तीय गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। बीसीसीआई की ओर से करोड़ों की धनराशि जारी की गई है और उसका लेखा जोखा वेबसाइट में दर्ज नहीं है। लंबी सुनवाई के बाद अंत में कोर्ट ने याचिकाओं को खारिज कर दिया था साथ ही याचिकाकर्ताओं को सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के निर्देश दे दिए। इस आदेश को वीरवार को उनके द्वारा विशेष अपील दायर कर खण्डपीठ में चुनौती दी गयी। कोर्ट में हुई सुनवाई पर खण्डपीठ ने कोई राहत न देते अगली दुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। बता दें मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व सुभाष उपाध्याय की कोर्ट में हुई।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सड़क हादसे में दो की मौत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल -काठगोदाम रोड पर आमपड़ाव क्षेत्र में बीते शनिवार को टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी। पर्यटकों के ड्राइवर पर लापरवाही पर आरोप लगाने और ड्राइवर के भाग जाने के बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि बीते शनिवार को बदरपुर दिल्ली निवासी 15 पर्यटकों का दल बाबा नीब करौरी के दर्शन करने कैंची धाम पहुंचा हुआ था। शनिवार देर रात वह टेंपो ट्रैवलर टी0 825 सीएच 5768 बी से दिल्ली लौट रहे थे। वह आमपड़ाव क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि अचानक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 600 फीट गहरी खाई में गिर गया। सूचना के बाद ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा अन्य पुलिस कर्मियों ने रेसक्यू अभियान चलाकर घायलों को 108 की मदद से सुशीला तिवारी अस्पताल भिजवाया गया है। जहां उपचार के दौरान बदरपुर दिल्ली निवासी गौरव बंसल (26) व रोहतक हरियाणा निवासी सोनू कुमार (32) दो लोगों की मौत हो गई थी।

पूछताछ में घायलों ने बताया कि वापसी में लौटते समय उनकी टेंपो ट्रैवलर खराब हुई तो उन्होंने ज्योलीकोट से दूसरी टेंपो ट्रैवलर बुक की। जिसमें एक ड्राइवर व एक हेल्पर था। उन्होंने ड्राइवर पर बहुत तेजी व लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया था। जिसके चलते आमपडाव के पास वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। ड्राइवर मौके से भाग गया। एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चंद्रा ने बताया कि मामले में चौकी इंचार्ज की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 व 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कुमाऊं विवि नैनीताल की टीम को हैंडीक्राफ्ट में तीसरा स्थान

**देहरादून/नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की टीम ने ग्राफिक एरा हिल यूनीवर्सिटी देहरादून में आयोजित उत्तराखंड रजत जयंती कार्यक्रम में हैंडीक्राफ्ट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।

बता दें उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती में राज्य स्तर पर आयोजित की गई जिसमें कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा पहले विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की तथा चयनित प्रतिभागियों ने राज्य स्तर पर की प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है । कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल की प्रिंसी वर्मा, प्रतिभा सिंह, सरिता बुधलाकोटी को ग्राफि क एरा यूनिवर्सिटी में आयोजित रजत जयंती प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है जिसमें उन्हें एक ट्रॉफ ी और 5001 रुपया टीम को प्राप्त हुए । टीम को चांसलर सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश डॉ. हरमोहिंदर सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया । टीम के तीनों प्रतिभागियों ने स्नान चौकी, नव दुर्गा, खुदिया चौकी तथा लक्ष्मी तथा लक्ष्मी तारा चौकी का सुंदर चित्रांकन किया गया। दल की इस जीत पर कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत, कुलसचिव डॉ मंगल सिंह मंद्रवाल, निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा समेत कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी सहित प्रो. बीना पांडे,डॉ रितेश साह, डॉ रवि जोशी, डॉ किरण तिवारी, डॉ छवि आर्य तथा डॉ रीना सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए विजयी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी हैं ।

# अभिमत

## पूरे प्रदेश की बात

***पहाड़ के नेताओं के मैदानी क्षेत्रों में पलायन समस्या की जड़ है। पहाड़ से चुने गये और देहरादून व हल्द्वानी में आवास बना लिया है। हम सब उत्तराखंड के निवासी हैं और पूरे प्रदेश की बात करनी चाहिए। पहाड़ और मैदान दो अलग-अलग प्रदेश नहीं हैं। पर्वतीय क्षेत्र से जन सामान्य के पलायन की बात की जाती है। पलायन आयोग बनाया गया, पलायन आयोग से क्यों नहीं पूछा जाता कि लोग पहाड़ क्यों छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, अधिकारी सब पहाड़ के हैं, फिर भी पलायन पर रोक के लिए जरूरी निर्णय क्यों नहीं होते?***

उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती पर सवालों की भरमार हो गई है। सवालों के जवाब भी मिलते जा रहे हैं। दरअसल सवाल ही अपने आप में जवाब हैं। विधानसभा के विशेष सत्र में माननीय जनप्रतिनिधियों ने राज्य की स्थिति, समस्या और भविष्य की दीर्घकालीन नीति पर गंभीरता नहीं दिखाई। शुभ संकेत यह रहा कि माननीयों को आइना जरूर दिखाया गया। पलायन और भ्रष्टाचार दो समस्याएं सबसे ऊपर रहीं तथा इसके लिए हर तरह से सभी राजनीति दलों से जुड़े लोगों पर उंगली उठी है। दलगत राजनीति से हटकर भविष्य में काम करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए, तभी रजत जयंती मनाना सार्थक होगा। बसपा विधायक ने कटु सत्य बोलने का साहस किया और कहा कि पहाड़ के नेताओं के मैदानी क्षेत्रों में पलायन समस्या की जड़ है। पहाड़ से चुने गये और देहरादून व हल्द्वानी में आवास बना लिया है। हम सब उत्तराखंड के निवासी हैं और पूरे प्रदेश की बात करनी चाहिए। पहाड़ और मैदान दो अलग-अलग प्रदेश नहीं हैं। पर्वतीय क्षेत्र से जन सामान्य के पलायन की बात की जाती है। पलायन आयोग बनाया गया, पलायन आयोग से क्यों नहीं पूछा जाता कि लोग पहाड़ क्यों छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, अधिकारी सब पहाड़ के हैं, फिर भी पलायन पर रोक के लिए जरूरी निर्णय क्यों नहीं होते? पहाड़ और मैदान का विषवमन करने वाले यह भूल जाते हैं कि पहाड़ पर चुनाव हार चुके नेताओं को मैदानी क्षेत्र के लोगों ने अपनाया और विजयी बनाया। इसके बाद भी पहाड़ और मैदान का भेदभाव किया जाता है। वर्तमान में हरिद्वार से लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि पहाड़ के हैं। बसपा विधायक ने याद दिलाया कि दूसरी विधानसभा में जिस तरह के हालात देखे थे, वैसे आज भी हैं। यहां सिर्फ पहाड़-पहाड़ हो रहा है। हरिद्वार ने पहाड़ के तीन नेताओं को लोकसभा पहुंचाया, पहाड़ और मैदान का भेदभाव नहीं किया। जब पहाड़ से नेता पलायन कर रहे हैं तो रोजी-रोटी के लिए लोग क्यों पलायन नहीं करें? पहाड़ पर उद्योग तथा रोजगार और व्यापार के अन्य संसाधन पिछले 25 साल से विकसित क्यों नहीं किये गये? पहाड़ और मैदान का भेदभाव करके अलग राज्य का गठन किया गया था। उत्तर प्रदेश पर पर्वतीय क्षेत्र के साथ भेदभाव का आरोप लगाया गया था। राज्य का गठन होने के बाद पर्वतीय क्षेत्र से पलायन और अधिक हुआ है। यह सच स्वीकार करना होगा कि उत्तराखंड का विकास नहीं हुआ, बल्कि भ्रष्टाचार का विकास हुआ है।

# हाईकोर्ट में आरक्षण दिए जाने को लेकर हुई सुनवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



**सुनवाई**

- **उत्तराखंड मूल की महिलाओं को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में 30 फीसदी सीधे आरक्षण दिए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हुई सुनवाई**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड मूल की महिलाओं को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में 30 प्रतिशत सीधे आरक्षण दिए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने सुनवाई के बाद राज्य सरकार के अनुरोध पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

बता दें वीरवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कोर्ट को अवगत कराया गया कि यह मामला राज्य की महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों से जुड़ा हुआ है। इस मामले की सरकार की ओर से पैरवी महाधिवक्ता करते हैं जो वीरवार यानी आज उपलबध नहीं हैं। लिहाजा मामले की अगली सुनवाई हेतु दो सप्ताह बाद कि तिथि नियत की जाय जिसपर कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु दो सप्ताह बाद कि तिथि नियत की है। पूर्व में कोर्ट ने राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में राज्य सरकार के द्वारा 30 प्रतिशत आरक्षण सीधे दिए जाने वाले शासनादेश पर रोक लगाते हुए याचिकाकर्ताओ को परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी थी।

मामले के अनुसार हरियाणा व उत्तर प्रदेश की महिला अभयर्थियों ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखण्ड की महिलाओं को सरकारी नोकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण दिया जा रहा है जिसकी वजह से वे आयोग की परीक्षा से बाहर हो गए हैं। उन्होंने सरकार के 2001 व 2006 के आरक्षण दिए जाने वाले शासनादेश को चुनोती दी है जिसमें कहा गया है कि यह आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 14,16,19 और 21 विपरीत है। कोई भी राज्य सरकार जन्म व स्थायी निवास के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकती। याचिका में इस आरक्षण को निरस्त करने की मांग की गई है।

याचिकाओं में कहा गया है कि उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से डिप्टी कलेकटर समेत अन्य पदों के लिए हुई उत्तराखंड समिलित सिविल अधीनस्थ सेवा परीक्षा में उत्तराखंड मूल की महिलाओं को अनारक्षित श्रेणी में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। लोक सेवा आयोग ने 31 विभागों के 224 रिक्तियों के लिए पिछले साल दस अगस्त को विज्ञापन जारी किया थी। 26 मई 2022 को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम आया। परीक्षा में अनारक्षित श्रेणी की दो कट आफ लिस्ट निकाली गई।

उत्तराखंड मूल की महिला अभयर्थियों की कट आफ 79 थी जबकि याचिकाकर्ता महिलाओं का कहना था कि उनके अंक 79 से अधिक थे मगर उन्हें आरक्षण के आधार पर परीक्षा से बाहर कर दिया।सकरार ने 18 जुलाई 2001 और 24 जुलाई 2006 के शासनादेश के आधार पर उत्तराखंड मूल की महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है जो गलत है।

## सुबह गुम हुई किशोरी शाम को दोस्त के साथ मिली

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी गुम हो गई। स्वजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरु की तो शाम को किशोरी अपनी एक दोस्त के साथ मंगोली क्षेत्र में बरामद हो गई। किशोरी को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर मल्लीताल निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आशंका जताई की उसकी 16 वर्षीय बेटी को कोई भगा कर ले गया है। सुबह से ही वह गायब है। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी। देर शाम किशोरी अपनी एक दोस्त के साथ मंगोली क्षेत्र में बरामद हो गई। जिसने बताया कि वह घूमने के लिए गई हुई थी। मामले में कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि युवती को काउंसलिंग के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# पीपीजे सरस्वती विहार दुर्गापुर में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर जागरूकता अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार स्कूल में आयकर विभाग नैनीताल द्वारा चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने की जबकि मुखय वक्ता के रूप में त्रिभुवन चन्द्र जोशी आयकर अधिकारी नैनीताल थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा कि सतर्कता केवल एक सप्ताह या एक अभियान तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि यह हमारे जीवन का एक स्थायी संस्कार बनना चाहिए। जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहेगा तभी राष्ट्र सशक्त और पारदर्शी बन सकेगा। इसके पश्चात् मुखय अतिथि एवं मुखय वक्ता त्रिभुवन चन्द्र जोशी (आयकर अधिकारी नैनीताल) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कता का अर्थ है ईमानदारी, पारदर्शिता और जिमेदारी के साथ कार्य करना। यदि हम छोटी-छोटी बातों में भी सजग रहेंगे तो भ्रष्टाचार जैसी बुराइयाँ स्वतः समाप्त हो जाएँगी। विद्यार्थी जीवन से ही सत्यनिष्ठा का भाव अपनाना राष्ट्र निर्माण की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। कार्यक्रम का संचलान मिडिया प्रभारी डॉ माधव प्रसाद त्रिपाठी ने किया । इस अवसर पर आयकर विभाग की ओर से रंजन आजाद, आदित्य चौधरी, मानवेन्द्र,मनीष तथा सुखेंदु जबकि विद्यालय की ओर से अरुण यादव, प्रमोद कुमार, डॉ दिनेश नयाल, सचिन व बलवीर के साथ विद्यालय के सभी छात्र व अध्यापक उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## दांत किटकिटाती सोनाक्षी को देख फोड़ लेंगे अपना सिर



*019 में रिलीज हुई मिशन मंगल के बाद से लेकर अब तक सोनाक्षी सिन्हा की 8 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। ये सभी फ्लॉप रहीं। अब सोनाक्षी अपनी पहली तेलुगु और दूसरी बाइलिंगुअल फिल्म 'जटाधरा' लेकर आई हैं। 1992 में रिलीज हुई 'रात्री' से लेकर अनुष्का शेट्टी अभिनीत 'अरुन्धती' तक, तेलुगु सिनेमा में कई हॉरर फिल्में बनी हैं। इन सभी फिल्मों में कुछ न कुछ एलीमेंट था। किसी में डर था, तो किसी में कहानी कमाल की थी.. पर फिल्म 'जटाधरा' इतनी कमाल है कि इसमें कुछ है ही नहीं। शुरू से लेकर अंत तक यह फिल्म इतनी उबाऊ है कि जब इसमें कोई हॉरर सीन आता है तो दर्शक डरने के बजाय हंसना शुरू कर देते हैं.. या यूं कहें कि वो अपनी किस्मत पर रो रहे होते हैं। क्योंकि शुरू से लेकर अंत तक न तो इस फिल्म में कोई हॉरर एलीमेंट है, न ही ढंग का वीएफएक्स है और न ही कोई थ्रिल। या तो फिल्म को बिना कहानी या बिना स्क्रीनप्ले के शूट किया गया है। या फिर इसे एडिटिंग टेबल पर कचरा किया गया है। वहीं सोनाक्षी सिन्हा जिन्हें पहली बार किसी अलग किरदार में देखने की इच्छा थी और उम्मीद थी कि वो कुछ कमाल कर जाएंगी, वो एक बार फिर से फेल हुई। पूरी फिल्म में वो या तो आपको चीखती-चिल्लाती दिखेंगी या फिर अपने दांत किटकिटाती हुई दिखेंगी, जिसे देखकर आपकी हंसी ही नहीं रुकेगी। कहानी एक घोस्ट हंटर शिवा (सुधीर बाबू) की है जो भूत-प्रेत और आत्माओं पर यकीन नहीं करता पर उन्हें ढूंढता रहता है। उसे हर रात एक ही अजीब सा सपना आता है जिसके तार उसके बचपन से जुड़े हैं। इसी बीच एक गांव है जहां जो भी सोने का कलश ढूंढने जाता है, उसकी मौत हो जाती है। कहते हैं कि उस गांव में खजाना गढ़ा हुआ है और उसकी रक्षा धन पिशाचनी (सोनाक्षी सिन्हा) कर रही है। क्या शिवा उस गांव तक पहुंच पाएगा? वहां जाकर वो धन पिशाचनी से जीत पाएगा? इन सवालों के जवाब आपको फिल्म देखकर मिलेंगे।*

### स्क्रीनप्ले और एडिटिंग

*इस फिल्म की कहानी पढ़ने और सुनने में बड़ी इंट्रेस्टिंग लगती है। संभवतः यह कागजों पर बड़ी अच्छी लगी होगी। विजअुलाइजेशन भी बड़ा कमाल का किया गया होगा पर जो स्क्रीन पर बनकर सामने आया है वो बहुत ही वाहियात है। फिल्म की शुरुआत ही होती है पांच मिनट के एआई जनरेटेड सीन से, जिसमें आपको फिल्म का बैकड्रॉप बताया जाता है और इस सीन को देखकर ही आपका आधा इंट्रेस्ट खत्म हो जाता है। अगर 70 करोड़ के बजट में बनी फिल्म में आपको वो सीन देखने को मिलें जो आप फ्री में इंस्टाग्राम रील पर देखते हैं तो सोचिए कैसा लगेगा? फिल्म की एडिटिंग भी एकदम खराब है। कहीं भी कोई भी सीन आ रहा है। कहीं से कुछ भी जम्प हो जा रहा है और आप बस अवाक देख रहे हैं कि आखिर चल क्या रहा है?*

# पीपीजे के पूर्व छात्र सुदर्शन सोराड़ी को मिला स्वर्ण पदक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के 20वें दीक्षांत समारोह में नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल के पूर्व छात्र सुदर्शन सोराड़ी को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलबधियों के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों द्वारा स्वर्ण पदक से समानित किया गया।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक सुदर्शन ने अपनी शिक्षा पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल से प्राप्त की थी। सुदर्शन ने कहा है कि विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलबधि अर्जित की।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा कि हमारे छात्र सुदर्शन सोराड़ी ने यह सिद्ध किया है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह स्वर्ण पदक केवल उनकी व्यक्तिगत उपलबधि नहीं बल्कि विद्यालय की शिक्षण पद्धति, संस्कार और अनुशासन की भी सफलता है। मैं समस्त शिक्षकगणों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ कि उनके सामूहिक प्रयासों से विद्यालय की यह गौरवशाली परंपरा बनी हुई है। दूसरी ओर कालेज के व्यवस्थापक श्याम अग्रवाल ने कहा की सुदर्शन की कामयाबी विद्यालय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

News कॉर्नर

## जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के छह सदस्य बीमार

**बागेश्वर।** जिले के दुगनाकुरी तहसील के औलियागांव में जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के छह सदस्य बीमार पड़ गए। सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत में सुधार है।

मशरूम खाने से बीमार दिनेश राम (50) ने बताया कि बुधवार को वह अपने खेतों में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें अपने भाई सुंदर राम के खेत में मशरूम दिखाई दिए। वह मशरूम तोड़कर घर ले आए। रात को मशरूम की सब्जी बनाई। भोजन करने के बाद मशरूम की सब्जी खाने वाले परिवार के सभी सदस्यों की तबीयत खराब होने लगी। मशरूम विषाक्त होने से दिनेश समेत उनकी पत्नी हेमा देवी (40), अंजू देवी (28) पत्नी सुंदर राम, आशू (11) पुत्र दिनेश राम, खुशी (03) पुत्री सुंदर राम और गौरव (05) पुत्र सुंदर राम बीमार पड़ गए।

## मल्ला महल में दो दिनी स्वदेशी उत्पाद कौशल विकास प्रदर्शनी शुरू

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड रजत जयंती के उपलक्ष्य पर ग्राम्य विकास विभाग की ओर से मल्ला महल में दो दिनी स्वदेशी उत्पाद कौशल विकास प्रदर्शनी और उद्यमिता, स्वदेशी उत्पाद व्यापार संगोष्ठी शुरू हो गई है। मुख्य अतिथि नगर निगम के मेयर अजय वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों, उद्यमियों एवं नवाचारों को प्रोत्साहित कर क्रेता-विक्रेता के बीच समन्वय स्थापित करना है ताकि जिले के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। क्रेता-विक्रेता कार्यशाला में उत्पादों की गुणवत्ता, आपूर्ति और विपणन संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। क्रेताओं ने स्थानीय उत्पादों की सराहना करते हुए उन्हें विशिष्ट एवं प्रतिस्पर्धी बताया।

# ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में कॉस्मिक कार्निवल -2025 का सफल आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में 2 से 6 नवंबर तक आयोजित कॉस्मिक कार्निवल-2025 एक शानदार शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक विज्ञान महोत्सव रहा। इस पाँच दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें जेमस न्यू मिलेनियम स्कूल दुबई, पाथवेज वर्ल्ड स्कूल गुरुग्राम, महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल जयपुर,मोदी स्कूल लक्ष्मणगढ, सिंधिया कन्या विद्यालय ग्वालियर, सनबीम स्कूल वाराणसी, राजकुमार कॉलेज राजकोट, सिंधिया स्कूल ग्वालियर, सनबीम सनसिटी स्कूल एंड हॉस्टल वाराणसी तथा



मेजबान ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल शामिल रहे। पहले दिन विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्राचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स द्वारा आयोजित भोज ने सभी प्रतिभागियों को आपसी परिचय और संवाद का अवसर प्रदान किया।दूसरे दिन उद्घाटन समारोह का शुभारंभ एरीज नैनीताल के निदेशक डॉ मनीष नाजा ने विज्ञान और वायुमंडलीय अनुसंधानों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नवीन प्रयोगों के लिए प्रोत्साहित किया।तीसरे दिन प्रतिभागियों ने एरीज वेधशाला का भ्रमण किया जहाँ उन्हें संपूर्णानंद टेलिस्कोप तथा स्ट्रैटोस्फियर-ट्रोपोस्फियर राडार तकनीक के कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

चौथे दिन छात्रों ने नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता के बीच कैंची धामए साततात और चाफी की यात्रा की। कायकिंग और जिपलाइनिंग जैसी साहसिक गतिविधियों ने उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना को प्रबल किया।अंतिम दिन सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विदाई सत्र में भाग लिया। छात्रों ने इस आयोजन को जीवन का यादगार अनुभव बताया। प्राचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स ने कहा कि श्कॉस्मिक कार्निवल ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और खोज की भावना को नई दिशा दी है। उन्होंने सभी सहयोगी संस्थाओं विशेषकर एस्ट्रोवर्स एसपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड और एरीज का आभार व्यक्त किया।

# मालिकाना हक को लेकर 82 वें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गौलापार के बागजाला में 82 वें दिन के धरना प्रदर्शन में सभी वक्ताओं ने बागजाला को मालिकाना हक सहित राजस्व गाँव बनाने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, उजाड़ने के लिए दिए गए नोटिस रद्द करने, पानी, बिजली कनैक्शन, घर, सड़क निर्माण पर लगी रोक हटाने सहित 8 मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को शासन प्रशासन द्वारा अनदेखी करने के लिए सरकार पर जनविरोधी होने और कारपोरेट के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा अब हमें अपना आन्दोलन जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के कार्यालय मुख्यालयों पर करना होगा इसी क्रम में आज 07 नवम्बर को वन विभाग द्वारा निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी कार्यालय पर धरना देकर



समस्या के समाधान पर विचार विमर्श किया जायेगा !

82 वें दिन के धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, मो. परवेज, दीवान सिंह बरगली, हरक सिंह बिष्ट, दौलत सिंह, अनवरी, भोला सिंह, असलम, प्रेम सिंह नयाल, गोपाल सिंह बिष्ट वेद प्रकाश, मीना भट्ट, भगवती गोस्वामी, तुलसी देवी, मंजू देवी, हरी गिरी, भगवती देवी, हेमा देवी, सुनीता देवी, हेमा देवी, आशा देवी, तुलसी देवी, दिनेश चंद्र, मुन्नी देवी, सुनीता प्रजापति, लीला देवी, रेखा रानी, पार्वती देवी, हेमलता, नसीम अहमद, गणेशाराम आदि सम्मिलित रहे । सभा का संचालन अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के सचिव वेद प्रकाश ने किया ।

# सडकों व नदी नालों व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट गंभीर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सडकों तथा नदी नालों और सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। वीरवार को मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि 17 अकटूबर 2023 को कोर्ट के द्वारा राज्य सरकार को अतिक्रमण हटाने के जो आदेश जारी किया था। उसका राज्य सरकार अनुपालन कर रही है। अनुपालन रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने जहाँ जहाँ पर अतिक्रमण हुआ है उसका सर्वे कर लिया है और अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिया है जिसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के लिए समय दिया जाय। कोर्ट ने राज्य सरकार के अनुरोध पर उन्हें आने वाले मंगलवार तक का समय देते हुए अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु आने वाले मंगलवार की तिथि नियत की हैं।

बता दें यह मामला नैनीताल जिले के पदमपुरी क्षेत्र में वन विभाग की भूमि और सडक़ किनारे हुए अतिक्रमण से जुड़ा है जिसकी शिकायत दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने मुखय न्यायाधीश को पत्र भेजकर की थी।

कोर्ट ने इस पत्र को जनहित याचिका में बदलकर सुनवाई शुरू की और सरकार से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों और डीएफ ओ को निर्देश देकर कहा था कि हुए अतिक्रमण को हटाकर रिपोर्ट पेश करें लेकिन अभी तक उस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया जबकि कोर्ट ने 17 अकटूबर 2023 को यह आदेश दिया था।

# पर्यटकों और प्रशिक्षुओं को दी खगोलीय जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर जिला पर्यटन विकास की ओर से समीपवर्ती बाल्दियखान में ऐस्ट्रो महोत्सव आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं को खगोलीय जानकारी दी गई।

बता दें बल्दियाखान में आयोजित एस्ट्रो महोत्सव का उद्घाटन भीमताल विकास खंड के के बलॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने किया, जिसमें बल्दियाखान तथा ताकुला और गेठिया के 23 स्थानीय युवाओं के साथ ही पर्यटकों और ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया, जिसमें एस्ट्रो स्टॉप के राहुल पाथारी ने खगोलीय जानकारियां दी साथ ही ग्रहों की संरचना, सोलर सिस्टम गैलेकसी डार्क मैटर के बारे में लोगों को बताया। इसके साथ ही ब्रह्मांड की सीमा और संरचना सीमा के बाहर के कया होने की संभावनाएं हैं इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से ग्रह तथा नक्षत्र हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। इस मौके पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि इस महोत्सव का मकसद युवाओं को रोजगार मुहैया कराना है इससे ताकुला में स्थापित एस्ट्रो विलेज से युवाओं को एस्ट्रो टूरिज्म में रोजगार के अवसर बढेंगे साथ ही ताकुला बल्दियाखान एस्ट्रो टूरिज्म के रुप में उभरेंगे। इस दौरान एस्ट्रो स्टॉप के राहुल पात्थरी समेत ज्योलिकोट ग्राम प्रधान नवल कुमार आर्य, बेलुवाखान ग्राम प्रधान बबीता मनराल के साथ ही ग्राम प्रधान गेठिया रिंकू समेत दीपक मर्तोलिया आदि मौजूद रहे।



## राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने 479वें दिन भी किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान वीरवार को 479वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 479 वें दिन पिथौरागढ़ में शहीद स्मारक स्थल परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरु रानी ने कहा उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# मांस प्रकरण में विधायक दीवान सिंह ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

**मांग**

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए**

प्रतिबंधित मांस प्रकरण को लेकर अब सियासत गरमा गई है। रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी और रामनगर पुलिस ने दबाव में आकर हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं और कुछ निर्दोष लोगों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में मुकदमे दर्ज किए हैं। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि घटना के समय जिन लोगों को आरोपी बनाया गया वे उस वक्त कोतवाली में मौजूद थे जिसका वीडियो सबूत भी पुलिस के पास है। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूली बच्चों तक के नाम एफआईआर में शामिल कर दिए गए हैं जो न्याय के साथ खिलवाड़ है। दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और निर्दोष लोगों पर लगाए गए गंभीर आरोपों को निरस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जल्दबाजी और दबाव में की गई कार्रवाई से निर्दोष लोग परेशान हो रहे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र के साथ चारों मंडल अध्यक्षों के लिखित पत्र भी संलग्न किए हैं जिनमें इस प्रकरण में निष्पक्षता की मांग की गई है।

# नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर नैनीताल में वीरवार को नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड लालकुआं की ओर से साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता 25 किलोमीटर महिला और पुरुष वर्ग में आयोजित की गई जिसमें कुल 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी नैनीताल मस्जिद चौराहे से बारापत्थर से लेकर नारायण नगर, रूसी बाईपास होते हुए तल्लीताल से वापस डीएसए मैदान पहुंचे जिसमें 17 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल रहीं। पुरुष वर्ग में इशांत अधिकारी प्रथम जबकि राज आर्य ने द्वितीय और मयंक तीसरे स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में अवाम प्रथम, ज्योति द्वितीय और सोनिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए तथा ट्रॉफी और मेडल देकर समानित किया गया। इस दौरान दुग्ध उत्पादक समिति के अध्यक्ष मुकेश बोरा समेत जीएम अनुराग शर्मा समेत उमेश पढालनी, संजय भाकुनी, सुभाष बाबू, विपिन तिवारी, कृपाल सिंह, पूरन मिश्रा, महेश पांडे, कल्याण सिंह, प्रकाश जोशी, जगदीश, दीपक, कुंदन, लोकेश, कुलदीप, सुमित, मनोज, सुदर्शन, त्रिलोक, पारस, मोहन, लाल सिंह, राहुल, पान सिंह तथा बलवंत आदि मौजूद रहे।